प्रैस विज्ञप्ति

शान्ति के लिए सामूहिक राजयोग का हुआ आयोजन

“ शान्ति, स्वास्थ्य और सद्भावना की कुँजी है योग” – डॉ0 ईश्वर आर्चाय

दिल्ली, 07 मईः अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून से लगभग डेढ माह पूर्व ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा आज सुबह शान्ति के लिए सामूहिक राजयोग का आयोजन स्थानीय श्याम बाबा खाटू वाले स्टेडियम, हरीनगर में किया गया जो लगभग तीन घण्टा चला।

इसमें लगभग पाँच तीन हजार श्वेत वस्त्रधारी महिलाओं एवं पुरूषों ने सकारात्मक चिन्तन के साथ विश्व शान्ति और कल्याण के लिए शान्तिपूर्वक सामूहिक रूप से राजयोग किया तथा साथ साथ शारीरिक व्यायाम भी किया गया।

इस अवसर पर **आयुष मंत्रालय के योग एवं नैचुरोपैथी अनुसंधान परिषद के निदेशक डॉ0 ईश्वर एन. आचार्य ने मुख्य अतिथि** के रूप में सम्बोधित करते हुए कहा कि योग जिसका कि भारत की सरकार पूरे विश्व में प्रसार कर रही है का उद्देश्य न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है बल्कि सामाजिक, नैतिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाना है।

उन्होंने कहा कि राजयोग अभ्यास के द्वारा ब्रह्माकुमारी संस्था का इस दिशा में कदम लोगों में, समाज में एवं पर्यावरणीय परिस्थितयों में समग्र स्वास्थ्य, शान्ति और सदभाव प्रदान करता है।

उन्होंने ब्रह्माकुमारी हरीनगर सेन्टर की ओर जा रही सड़क का नाम **‘ब्रह्माकुमारी मार्ग ’** के रूप में एम. सी.डी. द्वारा लगायी गयी पत्थर पट्टिका का अनावरण भी किया।

छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ0 रेनू शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज में व्यक्तिगत एवं सामूहिक शान्ति, स्वास्थ्य, सद्भाव और खुशी के लिए राजयोग की प्रभावशाली भूमिका पर अपने विचार रखे।

ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा **दिल्ली एवं एन.सी.आर. में विभिन्न स्थलों पर हर माह किसी एक रविवार को सामूहिक योग की मुख्य संयोजक राययोगिनी आशा जी** ने कहा कि संस्था द्वारा इस तरह के सामूहिक योग के कार्यक्रम दिल्ली से प्रारम्भ होकर न केवल भारत के विभिन्न शहरों बल्कि विश्व के विभिन्न देशों में भी आयोजित किये जाने लगे हैं।

हरीनगर में इस कार्यक्रम की मुख्य आयोजक राजयोगिनी शुक्ला जी ने कहा कि इस तरह के सामूहिक योग के कार्यक्रम न केवल तन, मन और आत्मा को स्वास्थ्य प्रदान करते हैं बल्कि इससे आतंरिक रूप सशक्तिकरण, टीम भावना, चरित्र निर्माण व नेतृत्व गुण भी विकसित होते हैं।

ब्रह्माकुमार सुशान्त,
राष्ट्रीय मीडिया संयोजक,
ब्रह्माकुमारी संस्था, मोब0 9350922333, 7014986288